University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# University in News on 02 December 2021

## TOI PAGE 3

# LU students learn to spot 'fake news'

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Students of Lucknow University were on Wednesday taught various techniques to identify fake news. They were told by teachers to forward only authentic news and information on social media platforms.

The techniques were taught to students during a workshop on 'fake news' held as part of cyber awareness campaign in the zoology department.

Head of journalism and mass communication department Prof Mukul Srivastava informed students how they can identify fake news and morphed photographs on social media. Apart from fact checking, people should also use their 'common sense' to identify fake news and verify facts before forwarding anything on social media, he said.

### 'VERIFY FACTS, PIXES'

Head of the zoology department Prof Sudhir Kumar, who was the chief guest on the occasion, said that the virtual world is as important as the real world.

After politics and history, the target of fake news and trolls are science subjects in which pseudosciences are projected as science and perception as history, he added.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### असली फोटो पहचानने के गुर बताए

**लखनऊ।** लखनऊ विवि के जीव विज्ञान विभाग में साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को फेक न्यूज विषयक कार्यशाला हुई। इसमें पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के हेड प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने गूगल रिवर्स इमेज सर्च के माध्यम से असली फोटो पहचानने के गुर सिखाए। उन्होंने फेक न्यूज को फॉरवर्ड करने से बचने और तथ्यों को चेक करने के विभिन्न तरीके बताए। इस मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर पंवार, एसोसिएट प्रो. डॉ. गीतांजलि मिश्रा, प्रो. ओमकार, प्रो. निरुपमा अग्रवाल समेत कई मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

### लविवि : सात छात्रों का पांच लाख का पैकेज

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में इंजीनियरिंग संकाय के सात छात्रों का चयन सालाना लाख के पैकेज पर हुआ है। प्लेसमेंट ड्राइव 28 नवंबर को थी। इन छात्रों का चयन ग्लोबल कंपनी इंटेलेक्ट डिजाइन अरिना में फिंटेक इंजीनियर के पद पर हुआ है। संकाय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कंपनी ने ऑनलाइन तकनीकी टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन और तकनीकी साक्षात्कार के जरिये छात्रों का चयन किया। चयनित छात्रों में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की श्रेया कुशवाहा, उत्कर्ष यादव, मधुर जायसवाल, राजवीर सिंह, दुर्गेश कुमारी, डेविड कुमार और मो. मोनिश यामीन शामिल हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## NBT PAGE 4

# फेक न्यूज पहचानने के तरीके बताए

साइबर जागरूकता दिवस पर कॉलेजों में हुए कार्यक्रम

■ **एनबीटी, लखनऊः** सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारियां तेजी से वायरल हो रही हैं। ऐसे में, कोई भी न्यूज या जानकारी फॉरवर्ड करने से पहले उसकी जांच जरूरत कर लें। यह वात लखनऊ यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने वुधवार को एलयू के जीव-विज्ञान विभाग में साइवर जागरूकता अभियान के तहत फेक न्यूज विषय पर हुई कार्यशाला में कही। मुकुल श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को फेक न्यूज को पहचानने के कई तरीकों से रूवरू करवाया। इस दौरान जीव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर पंवार, डॉ. गीतांजलि मिश्रा, प्रो. ओमकार और प्रो. निरुपमा अग्रवाल मौजूद रहे।

**डीएवी में साइबर अपराध से बचने के बताए तरीकेः** डीएवी डिग्री कॉलेज में साइवर जागरूकता दिवस पर हुए कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रफेसर डॉ. कीर्ति कपूर ने साइवर अपराध से वचने के तरीके वताए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार त्रिपाठी की अगुआई में हुए कार्यक्रम में विधि संकाय प्रभारी डॉ.आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा कि साइवर अपराध के सिलसिले में जागरूकता ही वचाव है के सिद्धांत का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. राजेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर डॉ. गणेश प्रसाद यादव, डॉ. रविंद्र कुमार, अखिलेंद्र प्रताप सिंह, मुकेश कुमार मौजूद रहे।

**भाषा विवि में साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक :** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान हुआ। इंजिनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय की ओर से हुए इस व्याख्यान में लखनऊ विवि के मुख्य वक्ता डॉ. पुनीत मिश्र ने हर प्रकार के साइवर क्राइम के विषय में वताया। कुलपति प्रो.विनीत कुमार पाठक की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में प्रो. संजीव कुमार त्रिवेदी, प्रो.मसूद आलम, प्रो.हैदर अली, प्रो.चंदना डे, डॉ. आरके त्रिपाठी मौजूद रहे।

### रंगोली बनाकर किया जागरूक



कला एवं शिल्प महाविद्यालय में रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर अकैडमिक सेल के डीन डॉ.राकेश चंद्रा और प्रधानाचार्य प्रो.आलोक कुमार ने साइबर सुरक्षा के बारे में बताया। प्रो.रविकांत पांडे और प्रो. अतुल हुंडू की अगुआई में दीपेंद्र सिंह, श्रेया त्रिवेदी ने यह आयोजन करवाया। इसमें 10 दलों ने रंगोली उकेरी, वहीं 19 पोस्टरों के मध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

### एलयू के 7 विद्यार्थियों को मिली नौकरी

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ यूनिवर्सिटी के इंजिनियरिंग के विद्यार्थी श्रेया कुशवाहा, उत्कर्षा यादव, मधुर जायसवाल, राजवीर सिंह, दुर्गेश कुमारी, डेविड कुमार और मोहम्मद मोनिश यामीन को सालाना पांच लाख रुपये की नौकरी मिली है। ग्लोबल कंपनी इंटेलेक्ट डिजाइन अरिना ने इन्हें नौकरी के लिए चयनित किया है। एलयू के इंजिनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग ऐंड प्लेसमेंट सेल की तरफ से 28 नवंबर को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में इन सात विद्यार्थियों का कंपनी ने इंटरव्यू लिया था। कंपनी ने छात्रों को फिंटेक इंजिनियर पद पर पांच लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर चयनित किया है। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन इंजिनियरिंग संकाय के असिस्टेंट प्रफेसर डॉ. हिमांशु पांडेय ने किया था।

## PIONEER PAGE 3

# एलयू से लॉ करने वाले छात्रों को उनके जिलों में मिलेगा इंटर्नशिप का मौका

सतीश सिंह। लखनऊ

**छात्रों की परेशानी को देखते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा शिक्षा नीति के तहत लविवि की पहल**

**नई राष्ट्रीय** शिक्षा शिक्षा नीति 2020 के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी करने वाले छात्रों के लिए काम की खबर है। विवि से ला करने वाले स्टूडेंट्स को अब उनके जिले में ही इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। इसके लिए विवि स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। एलएलबी की पढ़ाई करने वाले छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के बाद एक माह की इंटर्नशिप करनी होती है। ऐसे में इंटर्नशिप के लिए छात्रों को भटकना पड़ता है। छात्रों की दिक्कतों को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के लॉ संकाय ने एलएलबी की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स को इंटर्नशिप का अवसर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। यह इंटर्नशिप एक माह का होगा और इसे स्टूडेंट्स अपने जिले में ही प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए लॉ फैकल्टी की तरफसे बार काउंसिल को लेटर भेजा जाएगा। जिससे बार काउंसिल की तरफसे जिलों में पैनल उपलब्ध हो सके।

● नई शिक्षा नीति के तहत स्टूडेंट्स को उनके जिलो में इंटर्नशिप उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए बार काउंसिल को लेटर भेजा जा रहा है।

**प्रो. सीपी सिंह, डीन लॉ फैकल्टी।**

## AMRIT VICHAR PAGE 5

### बीटेक-बीफार्मा व एमसीए में सीधे प्रवेश के लिए काउंसिलिंग आज

लखनऊ विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग संकाय में संचालित बीटेक, एमसीए, बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर एवं बीटेक तृतीय सेमेस्टर (लेट्रल एंट्री) में खाली 135 सीटों पर अब सीधे दाखिले का मौका मिलेगा। इस संबंध सीटों को भरने के लिए मेरिट का पूरा ब्योरा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। इसकी विस्तृत सूचना अभ्यर्थियों के वाट्सएप पर भी भेज दी गई है। छात्रों को काउंसलिंग के लिए विश्वविद्यालय के जानकीपुरम स्थित नए परिसर में जाना होगा। सात चरण की काउंसलिंग के बाद भी लखनऊ विश्वविद्यालय में 135 सीटें अभी भी खाली हैं। इंजीनियरिंग फैकल्टी के कोआर्डिनेटर प्रोफेसर आरएस गुप्ता ने बताया कि खाली सीटों की मेरिट जारी कर दी गई है। इसके लिए काउंसलिंग आज से होगी।



कार्यक्रम में एड्स के बारे मे विद्यार्थियों को जानकारी देते केजीएमयू के डॉक्टर संदीप तिवारी।

### एड्स को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

भैषजिक विज्ञान संस्थान (इन्स्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज) में बीफार्मा एवं डीफार्मा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एचआईवी संक्रमण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें छात्रों द्वारा स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में किंग जार्ज मेडिकल कालेज में डिपार्टमेंट आफ ट्रामा सर्जरी व ट्रामा सेन्टर इंचार्ज डॉ. सन्दीप तिवारी ने एचआईवी संक्रमण के बारे में जानकारी दी कि ''बीमारी से बचाव ही उपचार है'' एवं प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया।

### फेक न्यूज शेयर करने से बचें छात्र : प्रो. मुकुल

जीव-विज्ञान विभाग में बुधवार को साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत फेक न्यूज विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पत्रकरिता एवं जनसंचार विभाग के हेड प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने छात्रों को फेक न्यूज़ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को फेक न्यूज़ के विविध आयाम्रों से रूबरू कराया और गूगल रिवर्सइमेज सर्च के माध्यम से असली फोटो पहचानने के गुर सीखाये। उन्होंने कहा कि इससे बचने के लिए सबसे पहले हमे अपने कॉमन सेंस का प्रयोग करना जरुरी है। इसके अलावा फैक्ट चेक करने के विभिन्न तरीकों को बताते हुए कहा कि कोई भी न्यूज़ फॉरवर्ड करने से पहले उसकी जांच अवश्य कर लें अन्यथा इससे ब्चाव नामुमकिन है। कार्यशाला में विभाग के सभी पाढ्क्रमों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बैंक ड्रॉफ्ट से जमा होगी फीस

बीटेक में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को काउंसलिंग में 66,080 रुपये का बैंक ड्राफ्ट, एमसीए के लिए 62,080 रुपये, बीफार्मा के लिए 66,080 रुपये का ड्राफ्ट फाइनेंस आफिसर लखनऊ विश्वविद्याल्य के नाम से लेकर आना होगा। काउंसिलंग सुबह 11 बजे से होगी। कोई ड्राफ्ट नहीं लाता है तो उसे 24 घंटे का समय दिया जाएगा।

### सात छात्रों को मिला प्लेसमेंट

इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ड्राइव में सात छात्रों का चयन ग्लोबल कंपनी इंटेलेक्ट डिजाइन अरिना मे हुआ। कंपनी द्वारा प्रस्तावित ऑनलाइन टेक्निकल टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन एवं टेक्निकल इंटरव्यू राउंड में कंप्यूटर साइंस की श्रेया कुशवाहा, उत्कर्ष यादव, मधुर, राजवीर सिंह, दुर्गेश कुमारी, डेविडर और मो. मोनिश यामीन उत्तीर्ण हुए।

### इन विषयों में मिलेगा छात्रों को प्रवेश

बीटेक सिविल इंजीनियरगि प्रथम सेमेस्टर-21, तृतीय सेमेस्टर-1, बीटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग प्रथम सेमेस्टर-1, तृतीय सेमेस्टर-3, बीटेक इन कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) प्रथम सेमेस्टर-5, बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग प्रथम सेमेस्टर-27, तृतीय सेमेस्टर-1, बीटेक इन इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग प्रथम सेमेस्टर-19, तृतीय सेमेस्टर-2, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग प्रथम सेमेस्टर-33, तृतीय सेमेस्टर-3, एमसीए-4, बीफार्मा-15 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## HINDUSTAN PAGE 6 & 7

# एलयूः छात्रों ने सीखा कैसे करते हैं फैक्ट चेक

**साइबर सुरक्षा**

लखनऊ | **कार्यालय संवाददाता**

लखनऊ विश्वविद्यालय के जीव-विज्ञान विभाग में बुधवार को साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत फेक न्यूज विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकरिता एवं जनसंचार विभाग के हेड प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने छात्रों को फेक न्यूज़ के बारे में जानकारी दी।

डॉ मुकुल श्रीवास्तव ने कहा कि कोई भी न्यूज फॉरवर्ड करने से पहले उसकी जांच जरूर की जाए।

**अन्य आयोजन**

नेशनल पीजी कॉलेज में दीन दयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र के साफ्टवेयर डेवलपमेंट विभाग की ओर से बुधवार को तकनीकी वार्ता का आयोजन किया। वहीं डीएवी डिग्री कॉलेज में विधि संकाय प्रभारी डॉ आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा कि साइबर अपराध के संदर्भ में जागरूकता ही बचाव है।

लविवि के समाज कार्य विभाग में भी डॉ. एसपी कन्नौजिया ने साइबर जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में बताया कि हम किस प्रकार से ऑनलाइन सुरक्षित रहें।

# एलयूः इंजीनियरिंग के सात छात्रों को प्लेसमेंट

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ड्राइव में सात छात्रों का चयन ग्लोबल कंपनी इंटेलेक्ट डिजाइन अरिना में हुआ। कंपनी द्वारा प्रस्तावित ऑनलाइन टेक्निकल टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन एवं टेक्निकल इंटरव्यू राउंड में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की श्रेया कुशवाहा, उत्कर्षा यादव, मधुर जयसवाल, राजवीर सिंह, दुर्गेश कुमारी, डेविड कुमार और मोहम्मद मोनिश यामीन उत्तीर्ण हुए। जानकारी के अनुसार कंपनी ने छात्रों को फिंटेक इंजीनियर के पद पर पांच लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयनित किया। सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

## JAGRAN CITY PAGE I

### सात का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के विद्यार्थियों का लगातार प्लेसमेंट जारी है। अब सात और छात्रों का पांच लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ है। संकाय के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि 28 नवंबर को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया था। इसमें कंपनी ने श्रेया कुशवाहा, उत्कर्षा यादव, मधुर जयसवाल, राजवीर सिंह, दुर्गेश कुमारी, डेविड कुमार और मोहम्मद मोनिश यामीन का चयन हुआ। (जासं)

### विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के जीव-विज्ञान विभाग में बुधवार साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत फेक न्यूज विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के हेड प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को फेक न्यूज के बारे में जानकारी दी। छात्रों को गूगल रिवर्स इमेज सर्च के माध्यम से असली फोटो पहचाना भी सिखाया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर पंवार, एसोसिएट प्रोफेसर डा. गीतांजलि मिश्रा, प्रो. ओमकार एवं प्रो.निरुपमा अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

## THE PIONEER PAGE 4

### ORIENTATION PROGRAMME

A seven-day orientation programme started at the department of Social Work, Lucknow University, on Wednesday. The programme started with the first semester students of Masters of Social Work, Population Studies, Public Health, and CCJA students. In the first session, an introduction process was organised between the students and the members of the department. The head of the department told the students about the orientation programme and its main purpose. In the second session, information was given to the students about the university, the department and various courses.

## RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

# लविवि के सात छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा 28 नवंबर 2021 को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में सात छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। कंपनी द्वारा प्रस्तावित ऑनलाइन टेक्निकल टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन एवं टेक्निकल इंटरव्यू राउंड को कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के सात छात्रों श्रेया कुशवाहा, उत्कर्षा यादव, मधुर जयसवाल, राजवीर सिंह, दुर्गेश कुमारी, डेविड कुमार और मोहम्मद मोनिश यामीन ने उत्तीर्ण किया। विश्वविद्यालय का दावा है कि कंपनी ने छात्रों को इंजीनियर के पद पर पांच लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयनित किया। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन इंजीनियरिंग संकाय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ हिमांशु पांडेय द्वारा किया गया।